भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *244
उत्तर देने की तारीख 17 दिसम्बर, 2025

भारत टेलीकॉम 2025

***244. श्री दिलेश्वर कामैतः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत टेलीकॉम 2025 के मुख्य उद्देश्य और अपेक्षित परिणाम क्या हैं;
(ख) मई, 2014 से ग्रामीण क्षेत्रों और राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं; और
(ग) भारत टेलीकॉम 2025 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी की प्रकृति और गुंजाइश क्या है?

उत्तर
संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"भारत टेलीकॉम 2025" के संबंध में दिनांक 17 दिसंबर, 2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *244 के भाग (क) से (ग) के संदर्भ में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण

(क) भारत टेलीकॉम 2025 का मुख्य उद्देश्य और अपेक्षित परिणाम वैश्विक खरीदारों और घरेलू दूरसंचार उपकरण विनिर्माताओं के साथ-साथ सॉल्यूशन प्रोवाइडर के बीच इंटरेक्शन को सुकर बनाना था।

(ख) मई, 2014 से ग्रामीण क्षेत्रों और राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में हासिल की गई कुछ मुख्य उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

(i) बेस ट्रांसीवर स्टेशनों (बीटीएस) की कुल संख्या दिनांक 31.03.2014 को 6,49,834 से बढ़कर दिनांक 31.10.2025 को 31,44,559 हो गई।

(ii) भारत में 1 अक्टूबर 2022 को लॉच की गई 5जी सेवा वर्तमान में देश के 99.9% जिलों में उपलब्ध है। दिनांक 31.10.2025 तक, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा 5,08,730 5जी बीटीएस संस्थापित किए गए हैं।

(iii) गांवों में मोबाइल कवरेज वर्ष 2014 में 90.68% थी जो अक्टूबर, 2025 तक बढ़कर 98.43% हो गई है, जिसमें 6,44,131 गांवों में से 6,34,019 गांव कवर हैं। इसके अतिरिक्त, भारत नेट परियोजना के तहत 2.14 लाख ग्राम पंचायतों को सेवा प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

(ग) निवेश और साझेदारी के अवसरों का पता लगाने के लिए भारत टेलीकॉम 2025 में 31 देशों के 135 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

******